प्यारे मनवा तू करले भजनवा

प्यारे मनवा तू करले भजनवा, भजन एक बार है,
तेरा हीरा तन जाए बेकार है.....

पहले कहा था उद्धार करो प्रभु जी,
भजन करूंगा तेरा सुखदाई,
बाहर आया जाल बिछाया आई ठगनी उलझाई,
बाहर आया जाल बिछाया भूल गया इस जगवा,
प्यारे मनवा तू करले भजनवा......

बालकपन हस खेल गवाया,
आई जवानी चढ़ा विषयों का रंग,
आया बुढ़ापा देख कर रोया,
थरथर कापै तेरा सारा अंग,
घर के सारे ताना मारे सखियां करें गुरनवा,
प्यारे मनवा तू करले भजनवा......

धन दौलत में चूर हो बंदे,
संतो की बात को नहीं माना,
जिस प्रभु ने सुंदर तन दीना,
ऐसे प्रभु को नहीं तुने जाना,
मोह माया में फस कर एक दिन पहुंच गया नरकवा,
प्यारे मनवा तू करले भजनवा......

कमा कमा के परिवार को खिलाया,
बना रहा सबका दाता,
परमपिता से सब कोई कहता,
कभी ना जोड़ा उनसे नाता,
ऋषि मुनियों से कुछ ना छिपाया पता बता कर मन का,
प्यारे मनवा तू करले भजनवा......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30243/title/pyare-manva-tu-karle-bhajanva

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |